हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार : आयोजनों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा सत्र

हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के लिए सत्र 2019–20 आयोजनों के लिहाज से काफी अहम रहा। इस सत्र में संचार फेस्ट से लेकर कई आयोजन ऐसे हुए, जो छात्र–छात्राओं के ज्ञानवर्द्धन में सहायक साबित हुए। इस कड़ी में सबसे पहले स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त 2019 को विभाग की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति, सामाजिक, राजनैतिक, प्रेम आदि विषयों पर कविताएं पेश कीं। गोष्ठी के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि और गीतकार डॉ. राजेन्द्र गौतम ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उनके द्वारा पढ़ी गई कविताओं की कमियों और अच्छाइयों के बारे में बताया। हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश कुमार और विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम ऋषिकल्प ने पौधा देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसी बीच 4 सितम्बर 2019 को एक दिवसीय 'फेक न्यूज का मिथ्या संसार' विषयक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें गूगल की सर्टिफाइड ट्रेनर अर्चना कुमारी ने फेक न्यूज, वीडियो, फोटो, स्रोत की जानकारी आदि अनेक पहलुओं से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया।

अगली कड़ी के रूप में विभाग ने दो दिवसीय (4 व 5 अक्टूबर 2019) मीडिया फेस्ट संचार 2019 का आयोजन किया, जिसमें संचार, कला, साहित्य और संस्कृति के अनेक रंग देखने को मिले। फेस्ट में दिल्ली विश्वविद्यालय, एनसीआर सहित कई राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र के अलावा इसमें नौ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कविता, स्टैंडअप कॉमेडी, मीडिया क्विज, फोटोग्राफी, पोस्टर मेकिंग, डिजिटल पोस्टर मेकिंग, कार्टून मेकिंग, डाक्यूमेंट्री प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें मुख्य विजेता की ट्राफी रामलाल आनंद महाविद्यालय और उपविजेता की ट्राफी आरआईएमटी विश्वविद्यालय गोविन्दगढ़ के नाम रही। समापन सत्र में हरियाणा सरकार के जनंसपर्क अधिकारी नीरज कुमार और मॉलिटिक्स के अनुदीप सिंह ने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। इससे पहले उद्घाटन सत्र की शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि और 'अमर उजाला' अखबार के समूह संपादक उदय कुमार ने अच्छे पत्रकार के लिए भाषा, अनुवाद और सामान्य ज्ञान को जरूरी बताया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार गुप्ता ने किया तो विषय की रूपरेखा पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. राकेश कुमार और धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम ऋषिकल्प ने किया।

7 अक्टूबर 2019 से 12 अक्टूबर के दौरान विभाग द्वारा राजस्थान के तीन प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थानों उदयपुर, कुम्भलगढ़ तथा माउंट आबू की शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में विभाग तीनों वर्षों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस यात्रा में विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों इतिहास, पर्यावरण, कला और संस्कृति का परिचय प्राप्त किया। इस यात्रा को सफल बनाने में विभाग के शिक्षकों डॉ. राकेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. निशा सिंह, सुश्री श्वेता आर्य, के साथ–साथ तृतीय वर्ष के छात्र दीपक कुमार त्रिवेदी का विशेष योगदान रहा।

विभाग ने 7 फरवरी 2020 को एक दिवसीय डाक्यूमेंट्री कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें सबसे पहले 'सैड ट्री' और 'झाडू कथा' का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात सिनेमेटोग्राफर और डायरेक्टर नवरोज कॉन्ट्रैक्टर ने विद्यार्थियों को फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और लांग रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

डॉ. राकेष कुमार
संयोजक, हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार
रामलाल आनंद महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय)